आकाशवाणी भोपाल

दिनांक : 23.02.2025

समय : 2.10 पीएम

प्रधानमंत्री- मप्र यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री आज छतरपुर जिले में, बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे। इस कैंसर अस्पताल में मुफ्त इलाज होगा। इसके बाद शाम को भोपाल में प्रधानमंत्री प्रदेश के सभी सांसदों, विधायकों और भाजपा पदाधिकारियों से मिलेंगे। श्री मोदी कल भोपाल में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का भी उद्घाटन करेंगे।

मन की बात-मुरूगन

केंद्रीय सूचना प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने आज भोपाल में मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर डॉक्टर मुरुगन ने मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों का जिक्र किया और कहा कि देश के सभी नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-ए आई के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा। इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को सुझाव दिया कि वे अपना एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताएं, जिसमें वे किसी अनुसंधान प्रयोगशाला, प्लैनेटेरियम या फिर अंतरिक्ष केंद्र जैसी जगह पर जा सकते हैं।

श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रही है जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि वे एक्स और इंस्टाग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं। जो महिलाएं चाहती हैं कि उन्हें यह अवसर मिले तो वे नमो ऐप पर बनाए गए विशेष फोरम के माध्यम से इस प्रयोग का हिस्सा बन सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के रोमांच की भी चर्चा की, जहां 11 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में किशोर चैंपियंस की संख्या पर आश्चर्य प्रकट

किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के 19 वर्षीए पोलवाल्टर देव कुमार मीणा का भी उल्लेख किया।

भारत-पाकिस्तान-आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दुबई में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से अब से कुछ देर बाद शुरू होगा। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।

भारत का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाना है, जबकि पाकिस्तान को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जीतना जरूरी है। -

----